## खबर संक्षेप

### अमरवाड़ा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पहुंचे छिंदवाड़ा

**छिन्दवाड़ा।** जिले की 123-अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार (आई.ए.एस.-2008) छिंदवाड़ा पहुंच चुके हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार का स्थानीय संपर्क नंबर जारी किया गया है, इस संपर्क नंबर के माध्यम से आम नागरिक उप निर्वाचन के संबंध में सामान्य प्रेक्षक डॉ. मुथुकुमार से संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार का मोबाईल नंबर-6266127076 है। सामान्य प्रेक्षक डॉ.मुथुकुमार के लिए तहसीलदार कार्यालय अमरवाड़ा में प्रेक्षक कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिक उप निर्वाचन के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत के संबंध में डॉ.मुथुकुमार के स्थानीय नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही तहसीलदार अमरवाड़ा के कार्यालय में स्थापित प्रेक्षक कक्ष में शासकीय कार्य दिवसों में अपरान्ह 3 बजे से शाम 04 बजे तक प्रेक्षक डॉ.मुथुकुमार से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही तहसीलदार अमरवाड़ा के कार्यालय में स्थापित प्रेक्षक कक्ष में शासकीय कार्य दिवसों में अपरान्ह 3 बजे से शाम 04 बजे तक प्रेक्षक डॉ.मुथुकुमार से संपर्क किया जा सकता है।

### नरेन्द्र जायसवाल के निधन पर सांसद ने शोक संवेदना व्यक्त की

**छिंदवाड़ा:**चारफाटक निवासी पूर्व पत्रकार नरेन्द्र जायसवाल के आकस्मिक निधन पर सांसद श्री बंटी विवेक साहू उनके घर पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को इस दुख की घडी में ईश्वर से सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## नवनिर्वाचित सांसद के शपथ ग्रहण पर भी उत्सव मना रहे कार्यकर्ता

# जिले में अब दिखने लगा है भाजपा का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



छिंदवाड़ा का बेटा विवेक बंटी साहू दिल्ली के लिये रवाना हो गये है। श्री साहू संसद भवन में आज 24 जून को शपथ लेगें। श्री विवेक साहू के सांसद बनने पर जिले की जनता में उत्साह है उनके शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिये भी लोगों में उत्सुकता बनी हुई है नगर पालिक निगम व्दारा शहर में सांसद बंटी साहू जी के शपथ ग्रहण को लेकर प्रोजेक्टर लगाये जाएंगे जिसे देखने भाजपा कार्यकर्ता और जनता बड़ी संख्या में पहुंचेंगे । विवेक बंटी साहू ने सांसद बनकर समाज को गौरान्वित किया।

### साहू समाज ने किया सांसद का स्वागत

सिवनी जिले के साहू समाज व्दारा नवनिर्वाचित सांसद श्री विवेक बंटी साहू का स्वागत किया समाज के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों ने ख़ुशी जाहिर करते हुये कहा कि हम समाज के लोग गौरान्वित महसूस करते हैं कि हमारे पडोसी जिला छिंदवाड़ा से समाज के व्यक्ति सांसद बने हैं अब हमारे समाज का सांसद प्रदेश का नेतृत्व करेंगा। इस अवसर पर सिवनी जिला साहू समाज के अध्यक्ष गुलाब साहू, शिवप्रसाद साहू,शंकर लाल साहू, सुनील साहू, रामकिशन साहू, रामफल साहू, सुरेश साहू, रिटायर्ड एच.एस. साहू, मनोज साहू, राजेश साहू, मालीराम साहू, दिलीप साहू, सिवनी कमलेश्वर राजू साहू भोमा, रमेश प्रसाद साहू भोमा, सुरेंद्र छोटू साहू केवलारी, मुकेश साहू, नारायण साहू पलारी, अशोक साहू, नेतराम गोल्हानी धनोरा, जगदीश साहू धनोरा, महेश प्रसाद साहू, रामकिशोर साहू बंडोल, डब्बल साहू, लेखराम साहू, देवी साहू, रामकुमार साहू छपारा, हरिशंकर साहू सरपंच गोपालगंज, दीपक साहू सरपंच मानेगांव कान्हीवाडा उपस्थित थे।

### प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा का सांसद ने किया स्वागत

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव को लेकर छिंदवाड़ा पहुंचे जहां उनका सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने हवाई पट्टी पर भव्य स्वागत किया प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करने जिला भाजपा के अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व विधायक नाना मोहोड़, पूर्व विधायक पं. रमेश दूबे, पूर्व भाजपा अध्यक्ष दौलत सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक गंभीर सिंह चौधरी, नगर निगम महापौर विक्रम अहके, भाजपा नेत्री श्रीमती ज्योती डेहरिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, अजय सक्सेना और अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत।



## 31 मई को हज करने मक्का के लिए हुए रवाना

# न्यूटन से हज को गई महिला की मौत, जद्दा में किया गया सुपुर्द ए खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन से हज करने के लिए मक्का गई महिला की मौत हो गई । जिन्हें जद्दा के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया । वहीं परिजनों ने हज हाउस कमेटी से समय पर उचित सहयोग नहीं मिलने का आरोप लगाया है ।मिली जानकारी के अनुसार न्यूटन वार्ड क्रमांक एक में रहने वाले गुजुन अंसारी और उनकी पत्नी 55 वर्षीय नूरजहां अंसारी 31 मई 2024 को हज करने मक्का के लिए रवाना हुए । हज के अराकान पूरे करने के ही दौरान दंपति के पुत्र गुलबादशाह अंसारी और गुलफाम अंसारी को नूरजहां अंसारी के गुम हो जाने की सूचना मिली । इसके बाद उन्होंने अपने पिता गुजुन अंसारी से फोन पर संपर्क साधा जिन्होंने अपने पुत्रों को बताया कि वे और उनकी पत्नी 16 जून को जब हज का एक अराकान पूरा करने के लिए मक्का से 10 किलोमीटर दूर मीना गए वहां वे अपनी पत्नी जो व्हील चेयर पर थीं को एक जगह छोड़कर अराकान पूरा करने चल दिए । जब लौट कर आए तो उन्हें निर्धारित स्थान पर पत्नी नहीं मिली । मृतिका नूरजहां अंसारी के पुत्र गुलफाम अंसारी ने बताया कि उन्हें मीना के एक अस्पताल से फोन आया , तो बताया गया कि उनकी मां की तबीयत खराब होने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था और अगले दिन डिस्चार्ज कर दिया गया । इस दौरान तक परिजनों और मृतिका के पति का मृतिका के साथ कोई संपर्क नहीं हो पाया । इसके बाद परिजनों ने हज हाउस कमेटी से संपर्क साधा यहां से भी उन्हें कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिली । मृतिका के पुत्र गुलफाम अंसारी ने बताया कि 21 जून 2024 शुक्रवार को उन्हें सूचना मिली , कि नूरजहां अंसारी इंतेकाल हो गया है। गुलफाम अंसारी ने यह भी बताया , कि उनके पिता गुजुन अंसारी को उनकी मां नूरजहां अंसारी के आखरी दीदार कराए जा चुके हैं और रविवार को जद्दा के मां हव्वा कब्रिस्तान में नूरजहां अंसारी को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है । मृतिका के पति गुजुन अंसारी 9 जुलाई को मक्का से वापस होंगे । रिश्तेदारों को मामले की खबर मिलते ही रविवार को मृतिका के न्यूटन स्थित निवास पर मौजूद हुए ।जहां उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांगी गई ।

# गौवंश के नृशंस संहार के विरोध में आज छिंदवाड़ा बंद

## सकल हिन्दू समाज का आव्हान, बनी विरोध प्रदर्शन की नीति, कई अशासकीय स्कूल रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा से महज 70 किलोमीटर दूर समीपी सिवनी जिले में पिछले दिनों अलग अलग क्षेत्रो में गौ वंश के नृशंस संहार से सिवनी सहित अन्य जिलों में सनातनी हिन्दुओ में आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में सिवनी एवं बालाघाट जिले में बाजार बंद रख विरोध प्रदर्शन भी किया जा चुका है।

छिंदवाड़ा में भी इस घटना के विरोध में तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। शनिवार शाम घटना को लेकर हिन्दू संगठनों एवं हिन्दू समाज के सदस्यों द्वारा चर्चा कर अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि उक्त घटना को लेकर रविवार को दोपहर 12 बजे से छोटी बाजार स्थित राम मंदिर प्रांगण में घटना के विरोध प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई गई। सकल हिन्दू समाज के आव्हान पर सोमवार को आहूत बैठक में सभी समाज,धार्मिक संगठनों, सभी राजनैतिक दलों के सदस्यों के विचार सुने जाएंगे। इसके उपरांत सोमवार को छिंदवाड़ा बंद का आव्हान किया गया है। इसके अलावा अशासकीय शाला संघ, कई प्रायवेट स्कूल, कोचिंग संस्थानों ने शराब दुकानें, गांधीगंज सब्जी मंडी में बंद का आव्हान और समर्थन किया है।

### जिले में अभी तक 107.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 107.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 18.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 23 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 19.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 23 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.4, मोहखेड़ में 4.1, तामिया में 17, अमरवाड़ा में 35.2, चौरई में 29, हर्रई में 14.2, बिछुआ में 40, परासिया में 7.4, जुन्नारदेव में 19.2, चांद में 42.2 और उमरेठ में 6.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 93.5, मोहखेड़ में 44.2, तामिया में 76, अमरवाड़ा में 204.6, चौरई में 92.5, हर्रई में 50.2, बिछुआ में 133.4, परासिया में 110.6, जुन्नारदेव में 100.6, चांद में 134.6 और उमरेठ में 139 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### थुनिया के क्षेत्रों में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 24 जून 2024 सोमवार को थुनिया फीडर के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 9 से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 24 जून 2024 सोमवार को थुनिया फीडर के अंतर्गत थुनिया भाण्ड, हवाई पट्टी, आशीर्वाद ढाबा, हर्बल यूनिट, एनी कॉलेज, खैरवाड़ा, लिंगा वितरण केन्द्र का आंशिक क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी । इस आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

## केंद्रीय विद्यालय को लेकर बेलगांव में हुई बैठक

**सौसर।** रविवार को सौसर नगर या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर सौसर नगर बेलगांव स्थित आश्रम में एक बैठक संपन्न हुई। बीते दिनों पूर्व विधायक श्री महाले के द्वारा सरकार को एक पत्र लिखते हुए सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की गई थी।बैठक में सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने आदि को लेकर विचार विमर्श एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।बैठक में प्रयास (जिने की नई सोच) संगठन एवं पूर्व विधायक रामराव महाले को केन्द्रिय विद्यालय संगठन नई दिल्ली से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श हुआ है। आगामी दिनों में सभी केन्द्रिय विद्यालय की मांग करने वाले नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से राजनीतिक जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर प्रस्ताव बनाकर भेजने हेतू निर्णय लिया गया है।बैठक में पूर्व विधायक रामरावजी महाले, सौंसर, श्री एड्. एम.एम. पुरी, वासुदेव बुले, अरूण ठाकरे,अनुप सिंह, राजेश गुजर, अशोक भुसारी, प्रदिप कलसकर,चन्द्रशेखर अम्बडकर,राजविलास वनकर,राजु गावंडे, दिनेश पाटिल, निलेश गाडगे,दिपक मालोकर, दिपक कुरहाडे आदी थे।



## इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन ने किया अस्पताल में पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन कीवृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।आई वी ओ टीम छिंदवाड़ा ने जिला अस्पताल में आम , जामुन , करंजी आदि के 15 पेड़ लगाए है। संस्था के माध्यम से विगत तीन वर्ष से हर साल किसी ना किसी संस्थान में पेड़ लगा रही है। वृक्षारोपण अस्पताल में पदस्थ वेटरन एम एल यादव के मार्गदर्शन में किया गया है। इस वृक्षारोपण कार्यकर्म में मेजर अमित ठेंगे के पिता मधुकरराव ठेंगे साहब के साथ वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे, के द्वारा वृक्षारोपण के लिए पेड़ निःशुल्क प्रदान किए है। साथ ही आई वी ओ के जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह सिगोतिया, जिला उपाध्यक्ष अशोक साखरे,जिला महासचिव प्रदीप कलसकर, आशीष ठाकरे, रमेश गौतम, फ़ुल सिंह ईवनाती, राजेश्वर परतेती, राजेश कुमरे, बी एस साहू, आदि उपस्थित थे।

### सोनपुर आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 24 जून 2024 सोमवार को सोनपुर रोड टाउन-02 फीडर के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 24 जून 2024 सोमवार को सोनपुर रोड टाउन-02 फीडर के अंतर्गत झंडा चौक, कपूरचंद साहू, हनुमान मंदिर छापाखाना, नया छापाखाना, मोतीलाल बुधवारी, डी.नेमा मेन रोड, सरदार बिल्डिंग, राजपाल चौक, पोला ग्राउंड, दशहरा मैदान, सिटी कोतवाली थाना, बीकानेर, मोहबे मार्केट, इतवारी, फव्वारा, गर्ल्स कॉलेज क्षेत्र से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ।

# 11 वाहनों पर की गई राजसात की कार्यवाही

## कलेक्टर के निर्देश पर गौवंश के अवैध परिवहन में जप्त किए वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छिन्दवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा गौवंश के अवैध परिवहन में जप्तशुदा 11 वाहनों पर मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध संशोधन अधिनियम 2010 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत राजसात की कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सिंह द्वारा मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, म.प्र.कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 6(क), 6 (ख) (1), 11 और 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत गौवंश के अवैध परिवहन में जप्तशुदा इन 11 वाहनों पर मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध संशोधन अधिनियम 2010 की धारा 11 (5)-4,5,6,6-क और 6 ख के उल्लंघन किये जाने पर निसार खान पिता कहार खान के जप्तशुदा वाहन कमांक MP-49-AT-8076, साहिल ट्रेवल्स प्रो.प्रकाश वी झंम्भाले के जप्तशुदा वाहन क्रमांक-MH-04-ES-3533, श्रीधर पिता राजेश शेट्टी के जप्तशुदा वाहन क्रमांक-MH-43-D-7469, मेहरदास पिता शंकर जोगी के जप्तशुदा वाहन क्रमांक-MH-40-AK-0990, बबन पिता दशरथ चांदेकर के जप्तशुदा वाहन क्रमांक- MH-04-ES-1864, राजुल राठौर पिता गनेश राज राठौर के जप्तशुदा वाहन क्रमांक MP-68-M-5555, शुभम पिता रमेश लांजेवार के जप्तशुदा वाहन क्रमाक MH-40-BL-4989, गोमे पिता सुरेश दिनकर के जप्तशुदा वाहन क्रमांक MH-12-FC-5788, शहरूख पिता कासिम खान के जप्तशुदा वाहन क्रमांक MH-27-H-9116, गनपत साहू पिता दुली साहू के जप्तशुदा वाहन क्रमांक MP-15-G- 4716 और दीपक पिता रविन्द्र महाजन के जप्तशुदा वाहन क्रमांक MH-20-CH-3017 पर राजसात की कार्यवाही की गई है।

# अब अकुशल श्रमिकों को मिलेंगे 391 रूपए प्रतिदिन

## दैनिक वेतन की दरों के संबंध में संशोधित आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्रमायुक्त म.प्र.शासन इन्दौर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 24 मई 2024 जिसमें श्रमिकों के लिये न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते भी शामिल हैं, माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 10772/2024 एवं डबल्यू.पी. 9401/2024 आदि में 21 मई 2024 को पारित स्थगन आदेश के परिप्रेक्ष्य में 01 अप्रैल 2024 से प्रभावशील की गई है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने राज्य शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिले में कार्यरत शासकीय दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिये दैनिक वेतन की दरों के संबंध में संशोधित आदेश जारी किया है। ये दरें संपूर्ण छिंदवाडा जिले के लिये सात अनुसूचियों के अनुसार 01 अप्रैल 2024 से प्रभावशील रहेंगी। यह दरें श्रमायुक्त मध्य प्रदेश इंदौर द्वारा स्वीकृत की गई हैं, उसी अनुसार यह आदेश प्रसारित किया गया है। यदि इसमें किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता प्रतीत होती है तो श्रमायुक्त इंदौर से प्राप्त किया जा सकता है। श्रमायुक्त ही मार्गदर्शन कर सकते हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि अनुसूची "अ" के अंतर्गत 67 अनुसूचित नियोजन में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सम्मिलित करते हुये 26 दिन के मान से दैनिक और मासिक वेतन की दरें निर्धारित की गई हैं। इसके अनुसार अकुशल श्रमिकों के लिये 391 रूपये प्रतिदिन और 10 हजार 175 रूपये मासिक, अर्ध्दकुशल श्रमिकों के लिये 424 रूपये प्रतिदिन और 11 हजार 32 रूपये मासिक, कुशल श्रमिकों के लिये 477 रूपये प्रतिदिन और 12 हजार 410 रूपये मासिक तथा उच्च कुशल श्रमिकों के लिये 527 रूपये प्रतिदिन और 13 हजार 710 रूपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया है। अनुसूची "ब" में किसी स्लेट पेंसिल निर्माण शाला में नियोजन में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सम्मिलित करते हुये मजदूरों के लिये 391 रूपये प्रतिदिन और 10 हजार 175 रूपये मासिक, पेकर, पट्टीपेकर व सीपर के लिये 411 रूपये प्रतिदिन और 10 हजार 680 रूपये मासिक, मुनीम, लेखाकार, क्लर्क आदि के लिये 477 रूपये प्रतिदिन और 12 हजार 410 रूपये मासिक, रोलर्स, मिस्त्री व पाईन्टर्स के लिये 519 रूपये प्रतिदिन और 13 हजार 497 रूपये मासिक, उच्च कुशल श्रमिकों के लिये 527 रूपये प्रतिदिन और 13 हजार 710 रूपये मासिक तथा कटर्स के लिये 543 रूपये प्रतिदिन और 14 हजार 130 रूपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया है।

### सर्पमित्र को जहरीले सांप ने डंसा



**पांढुर्णा।** नगर के गुरूनानक वार्ड में सर्प के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान यहां के जाने माने सर्पमित्र अमित सांबारे को सांप ने काट लिया। इसके बाद सर्पमित्र तत्काल जहरीले सांप को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉ. मलारया ने तत्काल उनका उपचार किया जिससे सर्पमित्र अमित सांबारे खतरे से बाहर है। सर्पमित्र ने बताया कि उनको जिस सांप ने काटा उसकी प्रजाति का नाम चेकर्ड कीलबैक है। इस प्रजाति के सांप काफी गुस्सैल होते है। उल्लेखनीय है कि बीते अनेक सालों से सर्पमित्र अमित सांबारे पांढुर्ना तहसील में लोगों के घरों एवं रिहाइशी क्षेत्र से सांपों को रेस्क्यू करने का कार्य कर रहे है। अब तक सर्पमित्र अमित सांबारे अपनी जान पर खेलकर सैकडों सांपों का रेस्क्यू कर चुके है। उल्लेखनीय है कि बीते ती दिनों में इन्होंने 17 सांपों का सफलता से रेस्क्यू ऑपरेशन कर उन्हें जंगल में सुरक्षित छोड दिया।

## सौंसर के विधायक और पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ

# ब्लॉक में 17 हजार 178 बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को पल्स पोलियों टीकाकरण कार्यक्रम सौसर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर संपन्न हुआ।अभियान का शुभारंभ विधायक विजय चौरे,और पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ की प्रमुख उपस्थिति में अलग-अलग स्थान पर किया गया। विधायक विजय चौरे के द्वारा बेलगांव आंगनबाड़ी बूथ पर किया गया। इस अवसर पर बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला,बीईई रवि प्रसाद तुमडांम उपस्थित थे। वार्ड नंबर 13 के छात्रावास में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, एवम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा के द्वारा 0 से ०५ वर्ष के बच्चों को दवा पिलाकर अभियान में सहभागिता प्रदाय की गई। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पल्स पोलियो रविवार के विकासखंड सौसर में 0 से 5 वर्ष के 20450 बच्चो को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमे से 17178 बच्चो को दवा पिलाई गई,इस अभियान के लिए 171 बूथ बनाए गए थे। जिसमे 345 वैक्सिनेटर की ड्यूटी लगाई गई थी। अभियान के सुपरविजन के लिए 21 सुपरवाइजर नियुक लिए गए थे। अभियान के लिए 02 मोबाइल टीम गठित की गई थी। जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार ईट भट्ठे में पोलियो वैक्सीन पिलाये गए। सोमवार को स्कूल में पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। साथ ही छूटे हुए बच्चो को घर घर जाकर वैक्सीन का सेवन कराया जायेगा, अभियान दिनाक 25 जून तक रहेगा।

### 186574 बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की आज से जिले में शुरुवात हो गई है। जिला स्तर पर कार्यक्रम का शुभारंभ छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने जिला अस्पताल के गेट नंबर-3 में 0 से 5 साल के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवाई पिलाकर किया। जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक आयोजित है, जिसमें 0 से 5 साल के बच्चों को पहले दिन बूथ पर एवं दूसरे व तीसरे दिन घर-घर जाकर सर्वे के दौरान छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 223704 लक्षित बच्चों को दवा पिलाने के लिए 4570 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके सुपरविजन के लिये 260 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। पहुंच विहीन क्षेत्र, ईंट भट्टे, घुमक्कड़ समूह, स्लम एरिया के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा सभी बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी । आज 186574 बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई गई। शुभारंभ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ.एम.के.सोनिया, जिला चिकित्सा अधिकारी-2 डॉ.धीरज दवंडे आदि मौजूद थे।

## पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में बरती जा रही है लापरवाही

# कचरे के ढेर में पड़ी है कचरा बटोरने की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



दिल सामग्रियों में कचरा बटोर कर रखा जाता है और इसी के सहारे नगर , शहर और गांव को स्वच्छ रखा जाता है । वही सामग्री कचरे में फेंक दी गई है और यह कारनामा परासिया जनपद की ग्राम पंचायत पैजनवाड़ा के जिम्मेदारों ने किया है ।सरकार द्वारा पूरे भारत में स्वच्छता अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया और इसके लिए अरबों - खरबों रुपए भी आंबटित किए गए , लेकिन शासन - प्रशासन की कुछ नुमाइंदों द्वारा स्वच्छता अभियान में धब्बे लगाने के काम किए जा रहे हैं । ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत पैजनवाड़ा में देखने को मिला । यहां कचरा उठाने की सामग्री , कचरा एकत्रित करने की सामग्री कचरे की तरह यहां वहां पड़ी है । पंचायत में पदस्थ जिम्मेदारों को उससे कोई लेना देना नहीं , क्योंकि उन्हें पता है , कि पंचायत तक उनकी लापरवाही देखने कोई नहीं आएगा , यदि कभी आ भी गया तो मामला लेनदेन से निपटा दिया जाएगा । यही वजह है , कि इस पंचायत में न केवल स्वच्छता अभियान को लेकर बल्कि पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में व्यापक लापरवाही बरती जा रही है । ग्रामीण इस बात को लेकर खुश है की उनके ग्राम में कुछ तो हो रहा है , पर जो भी विकास कार्य हो रहा है , उसके लिए सरकार की ओर से पैसा भरपूर दिया गया है , ताकि किसी भी तरह का विकास चाहे उसमें निर्माण कार्य हो , चाहे स्वच्छता का कार्य हो , चाहे जन लाभकारी योजना की बात हो , इन सब में किसी भी तरह की कोई कोताही ही ना हो , पर जिन जिम्मेदारों के हाथ में यह काम है उन्हें सिर्फ अपना फायदा देखना है । इसी भावना के साथ काम करना उनकी आदतों में शामिल हो गया है ।

## नपाध्यक्ष, कलेक्टर एवं एसपी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज शहर में कलेक्टर अजय देव शर्मा , पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी एवं नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे के हस्ते स्थानीय सिविल अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। बीएमओ दीपेंद्र सलामे से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज अभियान के पहले दिन 16008 बच्चों को पोलियो डोज पिलाई गई। अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान का लाभ मिले इसके लिए पांढुर्ना, नांदनवाडी, तिगांव एवं बडचिचोली यह तीन फोकल पॉइंट ,400 वैक्सीनेटर 2 ट्रांजिस्ट टीम, 2 मोबाइल टीम तथा 22 सुपरवाइजर बनाए गए थे। कलेक्टर ने समस्त अभिभावकों से अपील की है कि वे 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने बुथ पर जरूर लाए। यहां उल्लेखनीय है कि यह अभियान 24 और 25 जून को भी जारी रहेगा।

# छिंदवाड़ा भाजपा की योजनाओं का गढ़ है- विष्णु दत्त शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा अमरवाड़ा पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए इसके बाद कार्यकर्ताओं को ऊर्जा प्रदान की और बूथ स्तर पर जीत के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया इस दौरान उन्हें जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत के अंतर से जीत दर्ज की है अमरवाड़ा भी जीतेंगे यह किसी का घर नहीं है यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का गढ़ है छिंदवाड़ा में फिर इतिहास रचेंगे साथ ही उपचुनाव को लेकर कार्यालय का शुभारंभ किया इस दौरान अमरवाड़ा विधानसभा के बूथ स्तर के कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे अमरवाड़ा विधानसभा चुनाव की प्रभारी मध्य प्रदेश शासन की मंत्री संपत्तियां उईके राज्यसभा की संसद कविता पाटीदार. जिले के प्रभारी संतोष पारीक छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू जिला अध्यक्ष शेष राव यादव सह प्रभारी खंडेलवाल जी भाजपा प्रत्याशी राजा कमलेश शाह मोनिका मनमोहन शाह. वीके भट्टी बट्टी उत्तम ठाकुर रमेश दुबे महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी मंत्री परमजीत वेज गंभीर सिंह चौधरी लखन वर्मा ज्योति डेहरिया नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलूट संजय जैन शरद सहित भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्री मानसून मेंटेनेंस के कारण दमुआ शहर व आसपास के क्षेत्र में बिजली रहेगी बंद

**दमुआ।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत मंडल विभाग कंपनी लिमिटेड दमुआ द्वारा दमुआ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी प्री मानसून मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली सप्लाई बंद रहेगी जिसमें विद्युत विभाग के शेड्यूल के अनुसार दिनांक 24.06.2024 दमुआ टाउन के अंतर्गत दमुआ ,राखिकोल ,कोल बाशरी क्षेत्र में सुबह 7:00 से 11:00 तक बिजली बंद रहेगी ठीक उसी प्रकार दिनांक 1जुलाई2024 को गोप व आसपास के क्षेत्र में दिनांक 2 जुलाई 2024 को बृजपुरा व आसपास के क्षेत्र में दिनांक 4 जुलाई 2024 घोडावाड़ी व आसपास के क्षेत्र में दिनांक 5 जुलाई.2024 व 6 जुलाई 2024 को रामपुर टेकाढाना के क्षेत्र एवं दिनांक 3 जुलाई 2024 को रामपुर के आसपास के क्षेत्र रामपुर पाढर ,पिंडरई ,कट्टा, गायघाट आदि क्षेत्रों में बिजली की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी विद्युत विभाग दमुआ के कनिष्ठ अभियंता श्री रत्नदीप सिन्हा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दमुआ शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दमुआ वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले 11 केवी फीडर का प्री मानसून मेंटेनेंस किया जाना है जिसके कारण बिजली सप्लाई बंद रहेगी और उपरोक्त समय अवधि आवश्यकता अनुसार घटाई या बढाई भी जा सकती है।



## श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर स्थित प्रतिभा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ध्यान में पौधारोपण किया गया,देश में हर साल अनेक पुण्यतिथियां मनाई जाती हैं। लेकिन वे पुण्यात्माएं बहुत भाग्यशाली होती हैं, जिनके समर्थकों या आदर्शों के लिए उनका 'बलिदान' सार्थक हो जाता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसी ही एक परम पुण्यात्मा हैं, जिन्होंने 23 जून 1953 को अखंड भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भारतीय जनसंघ से लेकर अब भाजपा तक 23 जून को न सिर्फ मुखर्जी की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता रहा है, बल्कि संविधान से अनुच्छेद 370 को हटाने के संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता रहा है। हर घोषणापत्र में मुखर्जी द्वारा अस्थाई अनुच्छेद 370 को हटाने की घोषणा की पुष्टि की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जिन्होंने मुरली मनोहर जोशी के साथ यात्रा की और श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया।

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों ने पी पल्स पोलियो की दवा

**जुन्नारदेव।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जुन्नारदेव विकासखंड में जगह-जगह जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई इस दौरान वार्ड क्रमांक 8 में वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई जा रही पल्स पोलियो की दवा के संबंध में जानकारी ली गई साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में अपने हाथ से बच्चों को दो बूंद दवा पिलाई गई इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता सोनी सहयोगी रेशमा खान सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।



## सीआरपीएफ परिवार कल्याण एसोशिएशन का 29 वां स्थापना दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

22 जून को 208 कोबरा वाहिनी के खचाखच भरे सभागार में श्रीमती वैशाली ( पत्नी श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी- 208 कोबरा की अध्यक्षता में ₹सी.आर.पी.एफ. परिवार कल्याण एसीसियेसन (RCWA)₹ का 29 वॉ स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं धूम-धाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती वैशाली द्वारा संस्था की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये, इसके मोटो ₹सार्थक सहयोग सर्वदा ₹ को आत्मार्पित करने का संकल्प दिलाया एवं संस्था द्वारा सी.आर.पी.एफ. के रणबॉकुरों के परिवारों हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। भव्य कार्यक्रमों की श्रंखला में महिलाओं हेतु योग, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कुकिंग, मेंहदी, चित्रकारी, गायन एवं नृत्य इत्यादि का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर ₹वोट ऑफ थैंक्स₹ श्रीमती भारती बेनीवाल एवं मंच संचालन की जिम्मेदारी श्रीमती निधि बडोला द्वारा की गई। कार्यक्रम में भारी तादात में महिलाओं एवं बच्चों द्वारा शिरकत की गई। कार्यक्रम के अन्त में श्रीमती वैशाली द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उप-विजेता-प्रतिभागिओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

## पारिस्थितिकी संतुलन के लिये पौधारोपण अत्यंत आवश्यक : न्यायाधीश

**वारासिवनी।** व्यवहार न्यायालय तहसील वारासिवनी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत ''लिंगमारा'' तहसील वारासिवनी में द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वारासिवनी मनोज कुमार तिवारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणजन को विधिक सहायता से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता शिविर में वर्तमान समय में बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराध, साइबर क्राइम और दुर्घटना से संबंधित मामलों एवं महिला हिंसा से संबंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम ''भूमि पुनस्र्थापन, मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता'' के अंतर्गत मानव जाति के अस्तित्व के लिये पेड़ों का महत्व एवं वृक्षारोपण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि पौधारोपण को सबसे आकर्षक और पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियों में से एक के रूप में जाना जाता है। पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वायु की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने के लिये पौधारोपण करना अत्यंत आवश्यक है और यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से ''पंच-ज'' अभियान के अंतर्गत पर्यावरण करे, संरक्षित करने के उद्देश्य के अभियान के तहत तीन पौधे जिनमें नीम, बेल एवं अमरूद के पौधे रोपित किए गए।

## 25 जून तक चलेगा यह अभियान : जप अध्यक्ष ने 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई प्लस पोलियों की दवा



**किरनापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर मे 23 जून को पल्स पोलियों अभियान के तहत 0 से 05 वर्ष के सभी बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पोलियो की दवा पिलाई गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा ने CHC किरनापुर में 0 से 05 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाते हुए की और सभी से अपील की हैं कि सभी अपने 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाये और देश एंव प्रदेश से पोलियों को मुक्त कराने में सरकार और स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।इस सम्बंध में डॉ कीर्तिमला बांगरे चिकित्सा अधिकारी किरनापुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 23जून से 25 जून तक पल्स पोलियों अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी जिसके लिए ,326 दलों की सक्रिय किया है ग्रामीण क्षेत्रों में 165 बूथ पर 19578 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाने का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है।

# दंडवत प्रणाम यात्रा आज : गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा और गौहत्या कांड के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सिवनी में हुए गौहत्या मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर सोमवार को दंडवत प्रणाम यात्रा निकाली जाएगी। 23 जून को सर्किट हिसार में आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ गौरक्षा प्रमुख ओमेश बिसेन ने यह जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ गौरक्षा प्रमुख ओमेश बिसेन ने बताया कि गौवंश की रक्षा को लेकर वह लंबे समय से लगातार काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में गौमाता की रक्षा को लेकर दंडवत प्रणाम यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि सिवनी में नृशंस गौहत्या, एक सोची-समझी और षडयंत्रकारी घटना है। इस घटना के पीछे छिपे लोगों को बेनकाब करने की जरूरत है, ताकि ऐसी घटनाओं की फिर पुनर्रावृत्ति ना हो।

उन्होंने बताया कि सिवनी गौहत्या कांड के आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर 24 जून को भरवेली के श्रीराम मंदिर से दंडवत प्रणाम यात्रा प्रातः 06 बजे निकली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दंडवत प्रणाम यात्रा में उनके दो और साथी शैलेन्द्र ठकरेले और हंसलाल उर्फ गुरुदेव चौधरी भी साथ होंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति वारासिवनी के तत्वावधान में योग का भव्य प्रदर्शन संपन्न

**वारासिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति वारासिवनी के तत्वावधान में स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक शिक्षा संस्थान परिसर में भारतीय बैठक व्यवस्था के साथ लगभग 400 योग साधक-साधिकाओं ने प्रातः साढ़े 5 बजे से 8 बजे तक विभिन्न आकर्षक योग प्रदर्शन के साथ ही शासकीय प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योग अभ्यास किया। सर्वप्रथम पतंजलि योग समिति के विभाग संयोजक गोविन्द टेंभरे, संस्कार भारती के विभाग संयोजक पंचम हनवत एवं योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी, पतंजलि योग समिति के जिला मीडिया प्रभारी प्रणय श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिक मंच के पदम सुराना, हरिराम तनवानी, प्रदीप खंडेलवाल, के के कठौते,पतंजलि महिला योग समिति की डॉ. जय श्री अरोरा, ऋतु अग्रवाल, माया पारधी, संगीता नेमा, आशा खंडेलवाल, दीपिका उईके ने सामूहिक रूप से उपस्थित होकर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात संघ परिवार की ओर से अधिवक्ता लिल्हारे ने शिवाजी महाराज पर उद्बोधन दिया। संगीता नेमा, नीता सोनी, गणेश सिंह ठाकुर, सृष्टि मेश्राम, आशा खंडेलवाल, गुलराज जिज्ञासी, प्रणय श्रीवास्तव सहित अनेक योग साधकों ने तीन-तीन मिनट की समय अवधि में गीत, भजन, कविता एवं भाषण के माध्यम से योग के महत्व को प्रतिप्रादित किया। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा बालाघाट जिले में निःशुल्क योग कक्षाओं के माध्यम से करो योग, रहो निरोग का मंत्र साकार करने वाले योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी का शाल श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## ईगल स्पोटिंग क्लब ने दी स्वर्गीय राजकुमार मिश्रा को श्रध्दांजली

**वारासिवनी।** नगर के जाने माने पूर्व हाकी खिलाडी एवं ईगल रुपोटिंग के संरक्षक स्वर्गीय राजकुमार मिश्रा के निधन पर ईगल स्पोटिंग कलब के तत्वावधान में रानी अवंती बाई स्टेडियम में शोक सभा आयोजित कर पुष्पांजली अर्पित की गई। इस दौरान हाकी के वरिष्ठ खिलाडी राजेन्द्र अरोरा, गणेश सिंह ठाकुर, राजेश एडे, शकील खान, संतोष आड़े, शलभ बैस, बसंत गिरी, असफाक खान, सुधीर शर्मा, मनोज वर्मा, शिवदयाल देशमुख, संजय घोले, मयंक चौबे,कमलेश झारिया, संजय मिश्रा, आशीष सिंह, शशि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र वरकडे, संदीप मिश्रा सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

# खमरिया में तथागत बुद्ध की प्रतिमा का हुआ अनावरण

### बुद्ध का धम्म का आधार जातिविहीन, वर्गविहीन और संप्रदायविहीन समाज का निर्माण करना है-अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तहसील मुख्यालय लालबर्रा से 10 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत खमरिया में बालाघाट जिला बौद्ध संघ सर्कल शाखा खमरिया के तत्वाधान में सिद्धार्थ बौद्ध विहार खमरिया में दिवगंत कमलेश खोब्रागड़े की स्मृति में मां तेजन बाई खोब्रागड़े के द्वारा दान में दी गई महाकारूणिक तथागत बुद्ध की मूर्ति का अनावरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े जिलाध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, विशेष अतिथि आचार्य सी.आर. वासनिक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य समता सैनिक दल, भोजराज वासनिक, सी.एल.खोब्रागड़े, इन्द्रकला राहंगडाले जनपद सदस्य लालबर्रा, सुनील डोंगरे, बंदुल वासनिक बालाघाट, कपिल मेश्राम सभापति नगर पंचायत कटंगी, ज्योति अनिल टेम्भरे सरपंच ग्राम पंचायत खमरिया, साहेबलाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत कामठी, युवराज सोनवाने ग्राम सरपंच ग्राम पंचायत पाड़ेवाड़ा, योगलाल पटले उपसरपंच ग्राम पंचायत खमरिया, नेतलाल चौहान स्थाई पटेल खमरिया, धनेन्द्र पटले पूर्व सरपंच लोहारा, बालकृष्ण बिसेन पूर्व सरपंच कोसमी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखर्जी खापर्डे (अध्यक्ष सर्कल बौद्ध संघ खमरिया) की उपस्थिती में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय खोब्रागड़े जिलाध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, विशेष अतिथि आचार्य सी.आर. वासनिक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य समता सैनिक दल, मुखर्जी खापर्डे (अध्यक्ष सर्कल बौद्ध संघ खमरिया) के हस्ते तथागत बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया. तदोपरांत सामुहिक रुप से बुद्ध वंदना की गई।

## सिकन्द्रा बूथ क्रमांक 3 में 148 बच्चों को पिलाई गई दवा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा प्राचार्य निरंजन बिसेन के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के साथ गोद ग्राम सिकन्द्रा में पोलियो दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-3 पोलियो बूथ में कबीर कुटी के समीप 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाकर सहभागिता की गई।

# 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान प्रारंभ, विधायक पटेल ने बच्चों को पिलाया पोलियो दवा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को क्षेत्र के सरकारी स्कूलों सहित चिकित्सा विभाग की ओर से बनाये गए बूथों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 से 25 जून तक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही हैं। इस 3 दिवसीय अभियान के बाद जो बच्चा पोलियो खुराक लेने से बच जायेगा, उन बच्चों को घर-घर जाकर स्वास्थ्य टीमें पोलियो खुराक पिलायेगी।

इसी के तहत विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य में रविवार सुबह 9 बजे शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में पोलियो मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक श्री पटेल ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को अपने-अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाने का आव्हान किया। इस अवसर पर शासकीय चिकित्सालय के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश झोड़े, ग्राम पंचायत बिटोड़ी के पूर्व सरपंच तेजराम नगपुरे सहित चिकित्सा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।



# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत

**राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार से हो गई है। जिसके लिए जिला मुख्यालय सहित धनोरा, घंसौर, केवलारी, लखनादौन, बरघाट, छपारा, कुरई ब्लॉक में रविवार सुबह से पोलियो की दवा पिलाई जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




25 जून तक चलने वाले इस अभियान में 1.39 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो मुक्ति के लिए ड्रॉप पिलाई जाएगी। शनिवार को जागरूकता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. लोकेश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रैली का निकाली थी। सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने बताया कि रविवार सुबह से 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। इस अभियान को स्वास्थ्य विभाग और अन्य सभी विभागों की सहभागिता से सफल बनाया जा रहा है। नारा लेखन, रैली, पोस्टर, बैनर और वीडियो क्लिप से प्रचार-प्रसार के साथ नगर पालिका की कचरा गाड़ी में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लक्षित बच्चों के साथ-साथ क्रेशर, ईंट भट्ट, निर्माण स्थल और हाईरिस्क क्षेत्रों को लाभान्वित करने के लिए काम किया जा रहा है। लक्षित संख्या - 139975, बी टाइप बूथ - 371 ,सी टाइप बूथ -1004 , ट्रांजिट टीम - 147 ,वैक्सीनेटर - 2582 ,सुपरवाइजर - 161 , हाऊस टीम - 1442 ,वैक्सीन वायल 8982।

## श्री महावीर व्यायाम शाला के स्वयंसेवकों ने पोलियो अभियान में दिया सहयोग

**सिवनी।** जिले की गौरवमय संस्था श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड सिवनक द्वारा दिनांक 23 जून को जिले में आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में प्रायवेट बस स्टैंड सिवनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गय बूथ जिसमे 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचाने के लिए पोलियो वेक्सीन की दो बूंद पिलाई जा रही है,उसी बूथ पर श्री महावीर व्यायाम शाला संगठन सुभाषवार्ड सिवनी के स्वयंसेवको द्वारा बस से आने जाने वाले यात्रियों के 0से5 वर्ष के बच्चों को ढूंढकर उन्हें बूथ में लाकर पोलियो की दवा पिलवाकर राष्ट्र हित मे अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया, संस्था अध्यक्ष प्रसन्न चंद मालू ने कहा कि ये हम सब का दायित्व है कि हम अपने आने पीढ़ी को विकलांग होने से बचाने के लिए ऐसे अभियान में शासन प्रशासन को सहयोग करें हमारी संस्था एक राष्ट्र वादी समाजसेवी संस्था है जब भी हमे ऐसा अवसर मिलता है हम सहयोग हेतु ततपर रहते है आगे भी हम विभाग का सहयोग करेंगे, इस मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ लोकेश चौहान ने श्री महावीर व्यायाम शाला संगठन सुभाषवार्ड के स्वयंसेवको को सहयोग हेतु साधुवाद ज्ञापित किया , संस्था द्वारा बूथ में उपस्थित जनों को फल वितरित किया गया,इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग व संस्था की ओर से धीरज पाल (आई आर आई डी एम ),ए एन एम रजनी सनोडिया, आशा कार्यकर्ता यशवंती सोनी, अर्बन प्रभारी एलडीसी धनीराम ब्रोकर,देवेश सिसोदिया, वरिष्ठ स्वयंसेवक चंचल आहूजा,रामायण सिंह सनोडिया, संस्था उपसंचालक अंकित मिश्रा, सोहनलाल सेन ,स्वयं सेवक सारंग शर्मा,भारत चौरसिया, विनायक शर्मा,मनोज नामदेव,सांवरिया शर्मा, आशीष यादव, उमेश उइके, आदि उपस्थित थे ।

# बारिश में गिरा कच्चा मकान, महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में बारिश की वजह से कच्चा मकान गिर गया। इस घटना में एक युवती की मलबे में दबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला छपारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, सिवनी जिले में रुक रुककर बारिश हो रही है। वर्षा के कारण एक कच्चा मकान गिर गया। इस घटना के दौरान एक युवती मकान के अंदर मौजूद थी। घर गिरने की वजह से वह मलबे में दब गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।





## ट्रक की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 23 जून को प्रातः लगभग 8 बजे, सिवनी जिले के बरघाट क्षेत्र में बलाघाट रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें 24 वर्षीय अर्जुन बंजारा की जान चली गई। यह हादसा एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर के कारण हुआ। ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर **MH** 45 7619 है और हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। मृतक अर्जुन बंजारा जिला अगर के निवासी थे और इस दुर्घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बरघाट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।
बरघाट क्षेत्र में बालाघाट रोड में हुआ हादसा यह दर्दनाक हादसा 23 जून को सुबह 8 बजे के करीब बरघाट क्षेत्र में बलाघाट रोड पर हुआ। यह क्षेत्र व्यस्त सड़कों में से एक है और यहाँ पर ट्रैफिक की भारी भीड़ रहती है।



# बारापत्थर क्षेत्र में गिरा विशाल पेड़, बड़ा हादसा टला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के बारापत्थर क्षेत्र स्थित बबरिया-मानेगांव तिराहे पर शनिवार की रात लगभग 8.15 बजे सड़क के किनारे लगा आम का पेड़ भरभराकर गिर गया। यह तो गनीमत रही की उस वक्त मार्ग से न कोई राहगीर गुजर रहा था न ही कोई वाहन। नहीं तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार बारापत्थर क्षेत्र स्थित है एसपी बंगला से बबरिया तालाब व मानेगांव जाने वाले तिराहे मार्ग पर लगा आम का पेड़ मार्ग पर धराशाई हो गया। वही इस मामले में क्षेत्रवासियों का कहना है कि पेड़ के गिरने की संभावना को देखते हुए लोगों ने नगर पालिका अधिकारी व विद्युत वितरण केंद्र शहर के अधिकारी-कर्मचारियों को भी कई बार अवगत करा दिया गया था, क्योंकि पेड़ के निचले तने वाले हिस्से के पास से वह खोखला हो गया था। पेड़ के गिरने की संभावना कई समय से बनी हुई थी।
वनविभाग के कर्मचारियों अधिकारियों समेत प्रतिनिधियों को भी अवगत करा दिया था लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसके कारण शनिवार की रात को पेड़ धराशाही हो गया।

# गोवंशः फरार आरोपियों पर दस-दस का इनाम घोषित

**जिस पर थाना धनौरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप०कं० 211 / 2024 धारा 49 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं 11(1) (1) पशुओं के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना प्रकरण में धारा 153ए मादवि० का इजाफा किया गया।**

दिनांक 19.06.2024 को थाना धूमा में ग्राम गरपटिया चिन्दा नाला जामुन झिर के पास के जंगल में गाँव के 28 नग मृत पाये जाने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस स्टाफ द्वारा पहुँचकर वैधानिक कार्यवाही की गई साथ ही पशु चिकित्सक द्वारा मौके पर ही मृत गाँव का पी0एम0 किया जाकर मृत गौवंश का अन्तिम संस्कार किया गया। जिस पर थाना घूमा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप 214/2024 धारा 4.गप्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं 11 (11) पशुओं के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम 1960 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना प्रकरण में धारा 153ए नादवि0 का इजाफा किया गया। दिनांक 19.06.2024 को चौकी सुनवारा थाना धनौरा में ग्राम पिण्डरई बैनगंगा नदी के कुरकु घाट में 22 मृत गौवंश पाये जाने की सूचना पर मौके पर पुलिस स्टाफ द्वारा पहुँचकर वैधानिक कार्यवाही की गई साथ ही पशु चिकित्सक द्वारा मौके पर ही पी0 एम0 किया जाकर मृत गौवंश का अन्तिम संस्कार किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 19.06.2024 को चौकी पलारी में बैनगंगा नदी देवघाट में कुछ गाँव मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना पर मौके पर पुलिस स्टाफ द्वारा पहुँचकर मृत 07 गौवंश पाये जाने से पशु चिकित्सक द्वारा मौके पर ही पी०एम० किया जाकर मृत गौवंश का अन्तिम संस्कार किया गया। जिस पर थाना केवलारी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप०क० 271 / 2024 धारा 429 भा०व०सं0 4.9 म0प्र0 गौवंश वा प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं 11(1) (1) पशुओं के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम 1960 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना प्रकरण में धारा 153ए भादवि0 का इजाफा किया गया। दिनांक 21.06.2024 को थाना धनौरा ग्राम कडवे थावरी के पास मसूड़ा नाले की झोड़ी में कुछ गौवंश के शव पड़े होने की सूचना पर मौके पर पुलिस स्टाफ पहूँचा मौके पर 06 नग गौवंश मृत पड़े थे




मौके पर ही पशु चिकित्सक अधिकारी द्वारा मृत गौवंश के शव का पी०एम० किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना धनौरा में दिनांक 21.06.2024 को अपराध कं0 216 / 2024 धारा म0प्र0 49 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं 11(1) (1) पशुओं के प्रति कुरता का निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना प्रकरण में धारा 153ए मादवि० का इजाफा किया गया फरार आरोपियों की तलाश पतारसी जारी है। जिला सिवनी में गौवंश की घटनाओ का मास्टर मांइड वाहिद खान पिता वाजिद खान उम्र 28 वर्ष नि० ग्वारी चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी का है जिसने नागपुर निवासी आरोपी इसरार रूपये गौवंश खरीदने हेतु पलारी में लिया था। जिस पर आरोपी वाहिद अंसारी से घटना के पूर्व 30000/- ने अपने साथियों शादाब खान, संतोष कवरेती, रामदास उइके के साथ मिलकर गौवंश उपलब्ध कराया एवं घटना को अन्जाम दिया था। उपरोक्त समस्त प्रकरणों में आरोपी 1 वाहिद खान पिता मजिद खान उम्र 27 वर्ष नि० ग्वारी चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी 2- शादाब खान पिता इसराईल खान उम्र 27 वर्ष नि० ग्वारी चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी 3-संतोष कवरेती पिता बृजलाल कबरेती उम्र 40 वर्ष नि0 गरघटिया थाना धूमा, 4- रामदास पिता महेन्द्र उर्फ कारू उइके उम्र 30 वर्ष नि० ग्राम पुतर्रा थाना धूमा जिला सिवनी 5 इरफान मोहम्मद पिता फैज मोहम्मद उम्र 58 वर्ष निवासी खैरी चौकी पलारी थाना केवलारी जिला सिवनी, को गिरफ्तार किया गया । विवेचना के दौरान यह प्रकाश में आया कि अब्दुल मजीज निवासी कामठी तवेरा गाड़ी से दिनांक 17.06.2024 को इसरार अहमद के आदेश पर 1- वसिउल्ला अब्दुल लतीफ अन्सारी नि० मोमिनपुरा नागपुर 2- मोहम्मद वकील अहमद पिता वली अहमद नि० मौमिनपुरा नागपुर 3- मोईनुद्दीन पिता मोहम्मद इसराईल नि० मौमिनपुरा नागपुर 4- कलंदर अन्सारी पिता मन्जूर अन्सारी नि० मोमिनपुरा नागपुर, 5- मुईन अन्सारी नि० मौमिनपुरा नागपुर को लेकर आया था इनका पता लगा दबिश दी गई आरोपी फरार है। प्रत्येक फरार आरोपियों पर 10000-10000/- रू० का ईनाम पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित किया गया शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा 03 आरोपी वाहिद खान, शादाब खान, इरफान खान का एन०एस०ए० किया गया। संतोष एवं रामदास के खिलाफ एन०एस०ए० की कार्यवाही पृथक से की जा रही है। आरोपियों से एक गाड़ी शिफ्ट डिजयार क० एमपी 09 सीएफ 3827 जप्त की गई है।

# गौकशी की घटनाओं के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आज सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में हुई गौकशी की घटनाओं के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा सोमवार 24 जून को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा सोमवार को प्रातः 10: 00 बजे गांधी चौक शुक्रवारी में एकत्रित होकर एक रैली के रूप में जिला कलेक्टरेट पहुंच जाएगा जहां पर जिला कलेक्टर को उक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा जिले में हुई गोकशी की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए सभी दोषियों की गिरफ्तारी एवं कठोरतम कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है ताकि, जिले में शांति व सद्भावना का वातावरण कायम रहे। इस अवसर पर चेंबर के जिला अध्यक्ष संजय कुमार मालू व सचिव दौलत सेवलानी द्वारा सभी व्यापारी बंधुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे ज्ञापन सौंपे जाने तक अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। तथा सभी व्यापारिक संगठन, व्यापारी बंधु एवं चेंबर के सदस्य गण अधिक से अधिक संख्या में इस रैली में सम्मलित हों।

## सकल हिंदू समाज की बैठक संपन्न

जिला सिवनी में हुई गौ हत्या के विरोध में सर्व हिंदू समाज की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी समाज के अध्यक्ष सामाजिक संगठनों के प्रमुख जन सम्मिलित हुए. इस गौ संहार की कठोर निंदा की एवं आक्रोश जताया गया. सभी समाज के वरिष्ठ जनों ने अपनी अपनी सुझाव दिए उसके पश्चात निर्णय लिया गया की सर्व हिंदू समाज एकत्रित हो कर दिनाँक 24 जून दिन सोमवार सुबह 10:00 बजे शुक्रवारी चौक श्री राम मंदिर से चलकर कलेक्टर ऑफिस पर राज्यपाल महोदय को ज्ञापन देंगे.



## दुर्घटनाएं रोकने का प्रयासःसंकेतक बोर्ड और वाहनों पर लगाए जा रहे रिफ्लेक्टर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की यातायात पुलिस वाहन दुर्घटनाओं को रोकने का प्रयास कर रही है। जहां चौराहों पर लगे खंभों, डिवाइडर पर लगे यातायात संकेतक बोर्ड और वाहनों पर रिफ्लेक्टर रेडियम लगाए गए। यातायात प्रभारी विजय बघेल ने शनिवार शाम 6 बजे बताया कि मानसून के मौसम में प्रायः तेज बारिश के समय वाहनों की विजिबिलिटी कम हो जाती है। जिससे कि आगे पीछे चलने वाले वाहनों में चालक सही दूरी का अनुमान नहीं लगा पाते हैं और सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त शहर के कई स्थान पर जहां से डिवाइडर प्रारंभ होते हैं, वहां पर डिवाइडर प्रारंभ होने की जगह पर रोड हेजार्ड संकेतक बोर्ड नहीं लगे हैं। ऐसी जगह पर बोर्ड लगाने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्राचार किया गया है।

# सुंदरकांड का पाठ और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ पश्चात महाप्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उप नगरीय क्षेत्र परतापुर रोड भैरोगंज स्थित श्री मां आदिशक्ति ज्वाला देवी सिद्ध पीठ मंदिर में लगातार 42 वें सप्ताह भक्तों नवयुवकों शनिवार शाम 6:00 बजे से भक्तिमय सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा एवं इसके पश्चात महा आरती की गयी। नवयुवको के प्रयासों से निरंतर यह क्रम 42 सप्ताह से जारी है और आगे भी जारी रहेगा । माता रानी के दरबार में इस शनिवार नगर के भानू अग्रवाल द्वारा कराया गया। नवयुवकों का सुंदरकांड पाठ के रूझान से भक्ति पूर्ण वातावरण निर्मित हो रहा है और युवाओं का हनुमानजी के प्रति भक्ति का भाव एवं युवाओं को भटाव से बचाने में सहायक होगा।
पिछले 42 सप्ताह से युवाओं का सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के प्रति लगातार आकर्षण बढ़ रहा है और हर शनिवार को युवाओं की संख्या में वृद्धि एक अच्छा संकेत है। इस भक्ति और आनंदमयी कार्यक्रम में मातृशक्ति की उपस्थिती में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

## डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस में कार्यक्रम संपन्न

छपारा। केन्द्रीय नेतृत्व व प्रदेश संगठन निर्देशानुसार 21 जून से 6 जुलाई तक के विभिन्न कार्यक्रम के निमित्त आज दिनांक 23/06/2024 दिन रविवार को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के परिपेक्ष्य मे कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष जी के निज निवास पर आयोजित किया गया सर्वप्रथम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी छायाचित्र पर तिलक वंदना कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सी एम राइस स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्ष रोपण किया गया इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल पार्षद श्रीमती निर्मला पप्पू ठाकरिया महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा जवरे प्रशांत सिंह पार्षद राकेश भारद्वाज चेतराम डेहरिया रफीक खान विकास सैयाम श्रीमती नीतू विश्वकर्मा श्रीमती संध्या सेन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# सिवनी में हुई गौहत्या के विरोध में 24 को छिंदवाडा बंद का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में हाल ही में हुई गौहत्या की घटना ने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है। इस घटना के विरोध में 24 जून को छिंदवाडा बंद का आव्हान किया गया है।
सिवनी जिले में पिछले एक सप्ताह में लगभग 50 गायों के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इन गायों में से ज्यादातर की गला रेतकर हत्या की गई है, जिससे स्थानीय हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश है। इन संगठनों ने इस जघन्य अपराध के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है।
सिवनी जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में यह दुखद घटना घटी, जहां कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने लगभग 80 से 100 गाय की हत्या कर दी। अभी तक इस मामले में 4 से 5 आरोपियों को पकड़ा गया है और 3 आरोपियों पर रासुका (NSA) लगाईं गयी है. जिनमे शादाब खान, वाहिद और इरफान शामिल है.
घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि गौहत्या का यह कृत्य सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।
गौहत्या की इस घटना के विरोध में सिवनी और आसपास के क्षेत्रों में आक्रोश व्याप्त है। कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने मिलकर 24 जून को छिंदवाडा बंद का आव्हान किया है। इस बंद के तहत सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रखने की अपील की गयी है।
इस बंद के दौरान विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की जाएंगी। इन रैलियों में विभिन्न संगठनों के नेता और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

## सिवनी के नए कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, एसपी श्री मेहता होगें

**सिवनी।** सिवनी में गौ हत्या के मामले में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के निर्देश पर सिवनी कलेक्टर और एसपी को हटा दिया गया है।
शनिवार देर रात आदेश जारी कर सिवनी कलेक्टर क्षितिज सिंघल को हटाकर रीवा नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन को सिवनी कलेक्टर बनाया है। वहीं सिंघल को एमडी मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पदस्थ किया गया है।
रीवा जिला पंचायत सीईओ डा सौरभ संजय सोनवाने को रीवा नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इधर सिवनी एसपी राकेश कुमार सिंह को हटाकर एआईजी पीएचक्यू पदस्थ की है। उनकी जगह इंदौर देहात एसपी सुनील कुमार मेहता को सिवनी एसपी बनाया है।
मध्यप्रदेश सरकार ने सख्त रूख अपनाते हुए जिले में हुई गोवंश की नृशंस हत्या प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। इससे पहेल कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी रहने के दौरान क्षितिज सिंघल ने गौवंश प्रकरण में तीसरे आरोपित इरफान मोहम्मद पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) लगाने के आदेश दिया था।मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सोशल मीडिया हेंडल एक्स व फेसबुक पेज पर कड़ा संदेश देते हुए लिखा है कि मध्यप्रदेश में गौमाता के खिलाफ कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वट सावित्री व्रत अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महिलाओं ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



नगर के बबरिया मार्ग स्थित गहलोत भवन के सामने वट वृक्ष के नीचे कल दिन शुक्रवार को वट सावित्री पूजा की गई पूजन करने आई महिलाएं श्रीमति स्वाति शालू रजक , श्रीमती वंदना मालवीय , श्रीमती सीमा खन्ना , श्रीमती विमल होलकर एवं सुश्री दीपिका होलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन महिलाएं वट वृक्ष का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चना की महिलाएं वट सावित्री पूजा अर्चना करना विशेष फलदाई रहता हे सत्यवान सावित्री की कथा इस प्रकार है राजश्री पशुपति की एकमात्र संतान थी सावित्री ने वनवासी राजा घुमत्सेन के पुत्र सत्यवान से विवाह किया था लेकिन जब नारद जी ने उन्हें बताया कि सत्यवान की आयु आदि है तो भी सावित्री ने अपना फैसला नहीं बदला और सत्यवान से सब कुछ जानबूझकर शादी कर ली सावित्री सभी राजमहल के सुख और राजभवन का त्याग कर सत्यवान के साथ उनके परिवार की सेवा करते हुए वन में रहने लगी जिस दिन सत्यवान के प्राण त्यागने का दिन था उसे दिन वह लड़कियां काटने जंगल गए हुए थे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े उसे समय यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए तीन दिन से उपवास में रह रही सावित्री को पता था कि क्या होने वाला है इसलिए बिना विकल हुए उन्होंने यमराज से सत्यवान के प्राण न लेने की प्रार्थना की लेकिन यमराज नहीं माने तब सावित्री उनके पीछे-पीछे ही जाने लगी कई बार मना करने पर भी वह नहीं मानी तो सावित्री के साहस और त्याग से यमराज प्रसन्न हुए और कोई तीन वरदान मांगने को कहा सावित्री ने सत्यवान के दृष्टिहीन माता-पिता के नेत्रों की ज्योति मांगी उनका लिऐ राज मांगा और अपने लिए 100 पुत्रों का वरदान मांगा तथास्तु कहने के बाद यमराज समझ गए कि सावित्री के पति को साथ ले जाना अब संभव नहीं उन्होंने सावित्री को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़कर चले गए वहां से अंतर्ध्यान हो गए उस समय सावित्री अपने पति को लेकर वट वृक्ष के नीचे ही बैठी थी इसलिए इस दिन महिलाएं अपने परिवार और जीवनसाथी की दीर्घायु की कामना करते हुए वट वृक्ष को भोग अर्पण करती हैं उस पर धागा लपेटकर पूजा करती है।

# सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय सत्संग समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

छपारा नगर में आयोजित सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय सत्संग समारोह के आज शनिवार को समापन दिवस पर सदगुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस के उपलक्ष में सद्भावना शोभा यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। कार्यक्रम के सभापति पूज्यपाद कबीर दर्शनाचार्य संत श्री रामजीवन शास्त्री साहेब जी के पावन सानिध्य में निकाली गई सद्भावना यात्रा का छपारा नगर वासियों द्वारा जगह-जगह स्वागत कर आचार्य श्री की आरती की गई। विश्व बंधुत्व एवं भाईचारा का संदेश देते हुए शिव गौरी लान में आकर यात्रा का समापन हुआ। कबीर पंथ का मुख्य पूजन - गुरु पूजा चौका आरती के माध्यम से पर परम पूज्य आचार्य श्री ने चौका आरती के महत्व के साथ-साथ आदर्श परिवार का निर्माण ,श्रेष्ठ जीवन का निर्माण किस प्रकार से कर सकते हैं इस संबंध में कहा कि श्रेष्ठ जीवन के निर्माण में हमारी दिनचर्या, खान-पान ,रहन-सहन , आचार विचार व्यवहार की अहम भूमिका होती है। जैसे लोगों के साथ हम रहेंगे उनके गुण स्वभाव अवश्य ही हमारे अंदर भी आएंगे ।इसलिए श्रेष्ठ गुणी, सज्जन ,परमार्थी, संतो महापुरुषों के साथ ही हम सभी को सम्बन्ध रखना चाहिए। संगत कीजे साधु की, हरे और की व्याध । ओछी संगत क्रूर की, आठों पहर उपाधि।। तत्पश्चात सदगुरु कबीर साहेब के दर्शन में भक्ति का क्या महत्व है इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति एक सद्गुरु की करना चाहिए जिससे हमारे सारे बुरे कर्म और भर्म मिट जाते हैं। गुरु की भक्ति करने से एक साथ सभी पुण्य फलों की प्राप्ति हो जाती है । आगे आचार्य श्री ने कहा कि बड़े-बड़े अवतारों को भी गुरु की शरण में जाना पड़ा,गुरु की भक्ति करना पड़ा, उनके आदेशों और निर्देशों पर चलकर ही वह जगत पूज्य हुए।

## खबर संक्षेप



### ग्राम उकवा में वट सावित्री व्रत का आयोजन

**उकवा।** ग्राम उकवा की महिलाओं ने वट पूर्णिमा के अवसर पर वट सावित्री व्रत मनाया। व्रत पूर्विका के दिन महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर विधिपूर्वक पूजन किया और अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर श्रीमती उषा गिरे समाजसेवी, डॉ. भारती अमित ठाकरे, कोमल,सनिका गडेर गीता, मंजु परने, ममता संगीता मडावि, सहारे किरन, अर्चना,दीपिका रामकुमारि,मद्रे,गायत्री पारधी, किरण , बेलायती नेहा उपस्थित थीं। सभी महिलाओं ने सुहाग सामग्री बाँटकर एक-दूसरे को टीका लगाकर सम्मान किया। इस आयोजन ने पूरे गाँव में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल को और भी सशक्त कर दिया है।

### पिछले 24 घंटे में जिले में कुल 6.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से प्रारंभ हुए वर्षा सत्र में 23 जून तक जिले में 47.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। 23 जून को पिछले 24 घंटों के दौरान 6.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मि.मी. है। 23 जून को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बालाघाट तहसील में 01 मि.मी., वारासिवनी में 01 मि.मी., बैहर में 06 मि.मी., खैरलांजी में 17.3 मि.मी, बिरसा में 3.2 मि.मी., परसवाड़ा में 7.3 मि.मी. एवं तिरोड़ी तहसील में 36.4 मि. मी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस प्रकार बीते 24 घंटों में बालाघाट जिले में कुल 6.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस तरह चालू वर्षा सत्र में सबसे अधिक 117.9 मि.मी. वर्षा तिरोड़ी तहसील में और सबसे कम 6.7 मि.मी. वर्षा कटंगी तहसील में रिकार्ड की गई है।

### रेत ठेकेदार का रक्षण कर रहा हैं जिला प्रशासन, संघ ने लगाए आरोप

# सरपंच से रंगदारी, थानेदार को पड़ी भारी, पुलिस अधीक्षक ने किया लाईन अटैच



**आज करेगा सरपंच संघ थानेदार पर FIR की मांग ...**

**जिला सरपंच संघ ने पुलिस कप्तान की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा तो की हैं किन्तु मात्र लाईन अटैच कर देने से संगठन संतुष्ट नहीं हैं। प्रेसवार्ता के दौरान संगठन में उपस्थित वैभव बिसेन (सरपंच गर्रा), आनन्द बिसेन अधिवक्ता (सरपंच कजंई), गगन नगपूरे सरपंच कोसमी, सरपंच भोरगढ़ तथा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सरपंचों ने बताया कि आज खैरलांजी ब्लाक के सरपंच संघ अध्यक्ष के साथ खैरलांजी टीआई की अमर्यादित व्यवहार को लेकर एफआईआर की मांग की जाएगी। अन्य ब्लाकों से पहुंचे सरपंचों ने रेत ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि ठेकेदार के द्वारा स्वीकृत रेत घाटों से आवश्यकता से अधिक अवैध तरीके से रेत की निकासी की जा रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खैरलांजी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भोरगढ़ के सरपंच देवेन्द्र बारेवार से खैरलांजी थानेदार सुनील चतुर्वेदी को पंगा लेना उस वक्त भारी पड़ गया जब जिला सरपचं संघ ने अपनी आवाज बुलंद की। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरपंच के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा सरपंच के ऊपर हाथ उठाना संगठन को रास नहीं आया। जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभव बिसेन के द्वारा जनपद बालाघाट सभा हॉल में बैठक रखी गई। 10 जनपद के ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित रहें तथा अपनी आवाज बुलन्द करते हुए पत्रकारों को प्रेसवार्ता कर बताया गया कि बीते 15 जून को खैरलांजी थानेदार के द्वारा भोरगढ़ सरपंच देवेन्द्र बारेवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनके ऊपर हाथ उठाने का दुस्साहस किया। तत्कालीन घटना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि रेत ठेकेदार के द्वारा डम्पर तथा पोखलेंड के द्वारा ग्राम पंचायत की संकरी गलियों से रेत से भरे डम्पर निकाल रहें हैं। वहां पर गांव के बच्चें तथा ग्रामीणों की आवाजाही बनी रहती हैं। ग्राम पंचायत सरपंच तथा रेत ठेकेदारों के आदमियों के बीच चर्चा चल रही थी। थानेदार के द्वारा सार्वजनिक रूप से ग्राम के मुखिया से अभद्र व्यवहार तथा सरपंच को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का काम थानेदार के द्वारा किया गया। जिला सरपंच संघ के द्वारा थानेदार की कार्यप्रणाली की निंदा की गई तथा सरपंच संघ के द्वारा बताया गया कि पुलिस कप्तान समीर सौरभ के द्वारा तत्काल थानेदार को लाईन अटैच कर दिया गया हैं। पुलिस कप्तान की त्वरित कार्यवाही को लेकर संगठन ने प्रशंसा की हैं। वहीं थानेदार के अमर्यादित व्यवहार से संगठन में रोष पनप रहा हैं।

रेत ठेकेदार का जिला प्रशासन पूर्ण रूप से रक्षण कर रहा हैं। ग्राम के मुखिया को ग्राम विकास में रेत की आवश्यकता होती हैं तो ठेकेदार के द्वारा सरपंच को परेशान किया जाता हैं। हालांकि रेत ठेकेदार की मनमानी पर जिला प्रशासन अंकुश नहीं लगा पा रहा हैं इससे पूर्व भी जबलपुर कमीश्नर के द्वारा बालाघाट आकर रेत ठेकेदार पर कार्यवाही की गई तथा जिला प्रशासन को फटकार भी लगाई थी किन्तु जिला प्रशासन आज भी रेत ठेकेदार का रक्षण कर रहा हैं, समझ से परे हैं।

**इनका कहना हैं ...**



हम पुलिस अधीक्षक से मांग करते हैं कि खैरलांजी टीआई पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जायें। तथा मध्यप्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल सिंह जी से मुलाकात कर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

**वैभवसिंह बिसेन, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष बालाघाट**



जिला संगठन के निर्णय पर मैं सहमत हूं, मेरे साथ खैरलांजी टीआई ने अमर्यादित व्यवहार किया हैं। संगठन जो निर्णय लेगा मैं संगठन के साथ हूं।

**देवेन्द्र बारेवार सरपंच भोरगढ़**

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारम्भ : पहले दिन 1792 केन्द्रो पर 153458 बच्चों को पिलाई दो बून्द जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा, एडीजे श्री सुरेंद्र सिंह गुर्जर, एडीजे श्री जीएस धुर्वे, राज्य सलाहकर डॉ रविंद्र बबले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय,जिला टिकाकरण अधिकारी डॉ परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ निलय जैन और जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री विक्रम सिंह ठाकुर उपस्थिति में जिला चिकित्सालय में किया गया। इस अभियान में रोटरी क्लब ऑफ बैनगंगा के सदस्यगानों द्वारा भी सहयोग रहा है 1 पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही हैं। रविवार दोपहर 03:30 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 153458 बच्चो को पोलियो की खुराख पिलाई गई। बालाघाट शहरी क्षेत्रों में 68 बूथ तथा संपूर्ण जिले मे 1792 बूथ स्थापित कर पोलियो की दवा पिलाई गई। ज्ञात हो की पल्स पोलियो अभियान दि 23 जून को बूथ लेवल पर और 24, एवं 25 जून 2024 को फील्ड भ्रमण कर घर-घर पहुंचकर कर दो बून्द जिंदगी कि पिलाई जायेगी।

### जिला न्यायालय परिसर में भी मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बालाघाट।** प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर, में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन श्री हेमराज पटले, सेवा निवृत्त व्याख्याता एवं योग शिक्षक, प्रभारी पतंजली पीठ बालाघाट द्वारा किया गया। योगासन में प्रमुख रूप से काकआसन, गरूड़ासन, ताड़ासन, धनुराषन, सिद्धासन, मकरासन, कटिचक्रासन आदि एवं प्राणायाम में कपालभांति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि कराये गये।

### कृषि वैज्ञानिकों ने भी किया योग

**बालाघाट।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बड़गांव के राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र में भी योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आरएल राऊत के मार्गदर्शन में डॉ. रमेश अमूले, कुमारी अंजना गुप्ता एवं श्रीमति अन्नपूर्णा शर्मा समस्त अधिकारी कर्मचारी व कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव के आस-पास के किसानों, महिलाओं एवं बच्चों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया।

## जिंदा मवेशियों को नोच रहे कौए : विधायक के निरीक्षण के बाद भी नहीं बदले गौशाला के हालात

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



विकासखंड कटंगी के ग्राम कटेधरा में कामधेनु गौशाला के अब भी बुरे हाल है. विधायक गौरव सिंह पारधी ने 16 जून रविवार को ग्रामीणों की शिकायत पर गौशाला का निरीक्षण किया था और गौशाला का संचालन करने वाली गोंड़वाना महिला स्व सहायता समूह को व्यवस्था सुधारने और मंगलवार 18 जून को कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बैठक करने का भरोसा दिया था. इस भरोसे के बाद 18 जून को समूह की अध्यक्ष और सचिव विधायक के कटंगी स्थित कार्यालय पहुंची थी. मगर, विधायक के कार्यालय में ताला लगा था. जिस कारण बैठक नहीं हो पाई और ना ही विधायक ने दोबारा गौशाला का निरीक्षण किया. उधर, गौशाला के हालात में आज भी कोई खास सुधार नहीं आया है. गौशाला में बीमार जिंदा मवेशियों की सही देखरेख नहीं होने के कारण उन्हें कौवे नोच रहे है. विधायक के निरीक्षण के बाद सोमवार को जब गौशाला में किस तरह के बदलाव हुए है. यह जानने की कोशिश की गई तो गौशाला में बीमार एक जिंदा मवेशी को कौआ नोचता हुआ दिखाई दिया. यहां मौजूद सचिव ने बताया कि मवेशी बीमार है. जिसका उपचार करवाया जा रहा है. गौशाला के नाम पर यहा समूह की महिलाओं के पास 35 मवेशी है जबकि कटंगी और तिरोड़ी थाना पुलिस बल के द्वारा गौतस्करी के बाद मुक्त कराए गए मवेशियों को भी यहां दड़बे मे बंद कर दिया जा रहा है जहां गर्मी, बारिश और ठंड मे सिर छुपाने के लिए छत नहीं, पीने के लिए पानी नहीं, खाने के लिए ठीक से चारा नहीं. नतीजा ये है कि जानवर वहीं पर मरने के लिए मजबूर हो गए जहां उनके सबसे सुरक्षित होने का दावा किया जा रहा है।

गौशाला में मवेशियों के पीने के लिए पानी और खाने के लिए भूसे का इंतजाम भी ठीक ढंग से दिखाई नहीं दिया. पानी के लिए बनाए गए हौज में पानी नहीं था. पूछने पर बताया गया कि सुबह ही मवेशियों को पानी पिलाया गया है. दूसरी तरफ गौशाला परिसर में फैले गोबर और पशुचारा जो सड़कर कीचड़ में बदल गया था. उसका एक ढेर खड़ा कर दिया गया है. बता दें कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गौशालाओं की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए ना सिर्फ गायों और गोवंशों की सुरक्षा के लिए तमाम नियम-कानून बनाकर रखे है बल्कि इसके लिए भारी भरकम बजट का भी प्रावधान है. जिससे गायों की रक्षा के लिए पैसों की कोई कमी ना रहे. इसके अलावा बड़ी संख्या में धार्मिक और सामाजिक संगठन भी गौसेवा के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते है. लेकिन जिस तरह से कटेधरा गौशाला के हालत है. उसे देखकर तो ऐसा बिलकुल भी नहीं लगता कि सरकार और गौ सेवा का दावा करने वाले लोगों का इस ओर कोई ध्यान भी है।

दरअसल, जिस समूह के पास गौशाला के संचालन की जिम्मेदारी है. उस समूह की महिलाओं को गौशाला का संचालन का आज तक कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया. समूह की कार्यशैली और लापरवाही को देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि यह केवल सरकार से मिलने वाली राशि के लिए गौशाला का संचालन कर रहा है. उसे गौशाला से अर्जित होने वाली अतिरिक्त आय में कोई रुचि नहीं है. जिस कारण गौशाला से प्राप्त गोबर को यहां एकत्रित करने की बजाए बर्बाद किया जा रहा है. गोबर मवेशियों के पैरों के नीचे आने से और सफाई नहीं होने के कारण कीचड़ और फिर गंदगी में तब्दील हो रहा है. विधायक ने जब विगत दिवस गौशाला का निरीक्षण किया था तो यहां की गंदगी देख हतप्रद रह गए थे और सफाई करवाने के लिए कहा था।

समूह की महिलाओं ने सफाई के नाम पर क्या किया है. इसकी हकीकत देखनी हो तो विधायक को एक बार फिर गौशाला का निरीक्षण कर ही लेना चाहिए. वैसे भी अब जनता के बीच यह चर्चा आम होते जा रही है कि विधायक बोलते बहुत है. मगर, होता कुछ नहीं. उनकी कथनी और करनी में अंतर है।

## नव निर्वाचित सांसद का महिला इकाई द्वारा सत्कार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई बालाघाट की अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती भारती पारधी का उनकी संस्था के द्वारा इस उपलब्धि पर सत्कार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद के अतिरिक्त अन्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् श्रीमती लता एलकर, पूर्व कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश रंगलानी, वार्ड नं. 28 के पार्षद संगीता कावरे के साथ संस्था के अनेक महिला सदस्य एवं अन्य की उपस्थिति प्रमुख थी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिला मंडल की सदस्य वर्षा जैन व श्वेता नाहटा ने सांसद के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर सांसद के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं सांसद श्रीमती पारधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिलायें वर्तमान समय प्रगति के हर पथ पर निरंतर अग्रसर रहकर अपनी सफलता का लोहा मनवा रही है। राजनीति में भी महिलाओं को आने से घबराना नहीं चाहिये आप अपना काम ईमानदारीपूर्वक धैर्यता के साथ करते रहे, एक न एक दिन आपकी मंजिल अवश्य मिलेगी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष गुप्ता के अलावा जमना पटेल, मीना चावडा, कविता अग्रवाल, बबिता अग्रवाल, अल्का कांकरिया, ममता पटेल, किरण रूसिया, सुनिता सेवईवार, स्वीटी वैद्य, वर्षा जैन, श्वेता नाहटा, सीमा मोदी, जूली जैन, ज्योत्सना कोचर, प्रीति कोचर, हंस अग्रवाल, राखी मोर, सीमा सोनी, विनिता अग्रवाल, संध्या गुप्ता अनुराधा गुप्ता, मौसमी पटेल, शीतल पटेल, संध्या मोदी, ज्योति मोर, ममता टेकडीवाल, सोनू वैद्य, ममता चंदेल, अंजली, वर्षा, सोनल के साथ प्रदेश मंत्री सत्यनारायण अग्रवाल, प्रदेश सदस्य तपेश असाटी, जिला प्रभारी सुभाष गुप्ता, अजय गुप्ता, युवा इकाई अध्यक्ष अक्षय कांकरिया, रोटरी के अध्यक्ष देवेन्द्र चंदेल इत्यादि की उपस्थिति प्रमुख थी।

## बालाघाट में हुआ एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन

### कमान अधिकारी बोले- लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने में जुट जाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में शनिवार को तृतीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। दस दिनों से शिविर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एजी बरबरे के मार्गदर्शन और 6 मध्यप्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी बालाघाट के आफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें एनसीसी के कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी ने सभी एनसीसी आफिसर, पीआई स्टाफ और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के स्टाफ के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के अथक प्रयास से यह कैंप अपने उद्देश्य को पाने में सफल रहा। कमान अधिकारी ने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने जो इस कैंप में सीखा है, उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। आगे बढें, लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के निरंतर प्रयास करते रहे। एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण के दौरान मिले सहयोग के प्रति कमान अधिकारी ने सिविल अस्पताल बैहर, नगर पालिका परिषद, बैहर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के स्टाफ तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कैंप को सफल बनाने में एजुटेन्ट कैप्टन एचके मण्डाले, प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट आरएस कुशराम, सेकेण्ड ऑफिसर कंचन महाजन, श्रवण बोदेले, थर्ड ऑफिसर कल्पना थोम्बरे, अशोक रावडे तथा सूबेदार जोगिन्दर लाल, सीएचएम मनोहर लाल, और नायक बलजीत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दो चरणों में हुई मप्र लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा



### जिले के 10 केंद्रों पर पहले चरण में 3143 दूसरे चरण में 3107 परीक्षार्थी हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मप्र लोक सेवा द्वारा रविवार को राज्य सेवा व वन सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा आयोजित हुई। प्रारम्भिक परीक्षा दो चरणों में जिले के 10 केंद्रों पर ली गई। प्रथम चरण प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व द्वितीय चरण में दोपहर 2:15 से 4:15 तक परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा निगरानी के लिए एसडीएम और तहसीलदारों को नियुक्त किया गया। साथ ही कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भी नगर के केंद्रों का निरीक्षण किया। वे सीएम राइज स्कूल और कमला नेहरू महाविद्यालय निरीक्षण के लिए पहुँचे। परीक्षा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री एम आर कौल ने बताया की प्रारम्भिक परीक्षा के लिए कुल 4456 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। प्रथम चरण में 3143 ने परीक्षा दी जबकि 1313 अनुपस्थित रहें। इसमें 62 दिव्यांगों में 45 शामिल हुए जबकि 17 अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में 3107 ने परीक्षा दी। 1349 अनुपस्थित रहें। द्वितीय चरण में 44 उपस्थित व 19 अनुपस्थित रहे।

## मॉयल लिमिटेड का 62वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



राज्य सरकार के मिनी रत्न सरकारी उपक्रम 'ए' शेडयूल कंपनी मॉयल लिमिटेड ने अपना 62वां स्थापना दिवस 22 जून को समारोहपूर्वक मुख्यालय नागपुर के सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम में मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा, सहसचिव संजय राय, मॉयल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना के साथ पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जी.पी. कुंदरगी, जी.पी. सिंह, पूर्व निदेशक उत्पादन एवं योजना दीपांकर सोम, के साथ वर्तमान निदेशक उत्पादन योजना एम.एम. अब्दुला निदेशक वाणिज्य सुश्री रश्मि सिंह, निदेशक वित्त राकेश तुमाने, निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह, मॉयल कामगार संगठन के महामंत्री रामअवतार देवांगन के साथ अनेक विभागों के प्रमुख इस अवसर पर उपस्थित होने के साथ भरवेली, उकवा, तिरोड़ी, सीतापठौर सहित अन्य खदानों के कामगार कर्मचारी अधिकारी, एवं विभिन्न श्रमिक संघों के पदाधिकारी की उपस्थिति प्रमुख थी। इस अवसर में अतिथियों ने अपने सम्बोधन में मॉयल के 62 वर्षो की यात्रा पर फोकस करते हुए उपलब्धियों की सराहना किया एवं भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कंपनी को किस तरह से प्रगति के शिखर पर ले जाये, इस पर भी प्रकाश डाला गया। श्रमिक संघ ने उपलब्धि पर कामगार कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि की बात कही।

**पायल का सम्मान, पत्रिका का विमोचनः** स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में तिरोडी मॉयल में कार्यरत कामगार की पुत्री सुश्री पायल ग्वालवंशी जिन्होंने हाल ही में यूपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित की है, उनका अतिथियों के द्वारा सम्मान करते हुए उसे मॉयल के गौरव का संज्ञा दी। वहीं दूसरी ओर मॉयल की अर्द्धवार्षिकी पत्रिका मॉयल भारती के नये अंक एवं कंपनी के भूगर्भ अधिकारी श्री सरकार द्वारा लिखित किताब एवं मॉयल द्वारा सीएसआर में किये गये कार्यो पर आधारित बुकलेट का भी विमोचन किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित नृत्य स्पर्धा में बालाघाट खान भरवेली को प्रथम, डोंगरी चिखला माईन को द्वितीय एवं मनसर माईन को तृतीय स्थान मिला।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree | B.Tech. & Polytechnic | 3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111